**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3026**
**उत्तर देने की तारीख : 18.12.2025**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों हेतु कौशल विकास कार्यक्रम**

**3026. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) हेतु कौशल विकास कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षित एमएसएमई और व्यक्तियों की तमिलनाडु सहित राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ग) उक्त कार्यक्रमों के लिए कुल कितनी निधि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है;

(घ) क्या एमएसएमई की कौशल संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप कोई उद्योग-विशिष्ट प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इन कार्यक्रमों से एमएसएमई हेतु रोजगार सृजन, उद्यमिता और प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) से (ग) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में श्रमशक्ति के कौशल में सुधार लाने के लिए कई पहलें की हैं। मंत्रालय स्कीमों और कार्यक्रमों नामत: उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) स्कीम के जरिए कौशल प्रदान करने तथा कौशल के उन्नयन संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन करता है। देशभर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), कौशल उन्नयन और महिला कॅयर योजना, एससी/एसटी हब, प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता (एटीआई) स्कीम, नवोन्मेष, ग्रामोद्योग और उद्यमिता संवर्धन स्कीम (एस्पायर) तथा प्रौद्योगिकी केन्द्रों के जरिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। एमएसएमई की विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत कौशल विकास कार्यक्रम का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(i) उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) स्कीम केन्द्रीय क्षेत्र की एक स्कीम है जिसका कार्यान्वियन अ.जा./अ.ज.जा., महिलाओं, दिव्यांगों, भूतपूर्व सैनिक, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों सहित समाज के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जाता है ताकि देश में नए उद्यमों को बढ़ावा देने, मौजूदा एमएसएमई का क्षमता निर्माण करने तथा उद्यमिता संस्कृति को आत्मसात कराने हेतु वे स्व-रोजगार अथवा उद्यमिता को कॅरियर विकल्पों में से एक विकल्प के रूप में चयन करने पर विचार करें। पिछले तीन वर्षों में ईएसडीपी स्कीम के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का तमिलनाडु सहित राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ii) खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) अपने 18-विभागीय प्रशिक्षण केन्द्रों, 17-गैर विभागीय प्रशिक्षण केन्द्रों तथा 24 प्रशिक्षण साझेदारों के जरिए कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है जिसमें मूलभूत रूप से खादी और ग्रामोद्योग व्यापारों में ग्रामीण स्व-रोजगार पर ध्यान केन्द्रित करना तथा कारीगरों को स्थानीय मांग के अनुरूप उत्पादों का निर्माण करने में सक्षम बनाने पर मुख्य रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान व्यक्तियों को केवीआईसी द्वारा प्रदान किए गए कौशल विकास प्रशिक्षण का तमिलनाडु सहित राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(iii) कॅयर बोर्ड देश के अलग-अलग क्षेत्रों में अवस्थित अपने विभिन्न क्षेत्र स्तर के प्रतिष्ठानों के जरिए 'कौशल उन्नयन और महिला कॅयर योजना' घटक के अंतर्गत केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम कॅयर विकास योजना के तहत देशभर में विभिन्न कौशल प्रशिक्षण और विकास परक कार्यकलापों का कार्यान्वयन कर रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों में ''सीवीवाई-कौशल उन्नयन और महिला कॅयर योजना'' के अंतर्गम विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षित व्यक्तियों का राज्य-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

| क्र.सं. | राज्य | विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षित लोगों की कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| 1 | कर्नाटक | 160 | 200 | 80 |
| 2 | गोवा | 40 | 80 | 0 |
| 3 | आंध्र प्रदेश | 166 | 273 | 147 |
| 4 | तेलंगाना | 40 | 120 | 40 |
| 5 | पूर्वोत्तर क्षेत्र | 280 | 436 | 185 |
| 6 | केरल | 429 | 893 | 515 |
| 7 | लक्षद्वीप | 0 | 120 | 120 |
| 8 | पश्चिम बंगाल | 200 | 160 | 120 |
| 9 | महाराष्ट्र | 379 | 416 | 137 |
| 10 | अंडमान और निकोबार | 160 | 120 | 40 |
| 11 | गुजरात | 120 | 160 | 0 |
| 12 | तमिलनाडु | 418 | 765 | 473 |
| 13 | ओडिशा | 402 | 450 | 264 |
| **कुल** | | **2794** | **4193** | **2121** |

(iv) राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार का एक उद्यम है। एनएसआईसी देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने उन्हें सहायता प्रदान करने तथा उन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए कार्य करता आ रहा है। एनएसआईसी देश में कार्यालयों और तकनीकी केन्द्रों के देशव्यापी नेटवर्क के जरिए कार्य करता है। इसके अतिरिक्त, एनएसआईसी ने व्यावसायिक कार्यबल द्वारा प्रबंधित प्रशिक्षण-सह-इंक्यूबेशन केन्द्र की स्थापना की है। एनएसआईसी अपने तकनीकी सेवा केन्द्र और इंक्यूबेशन केन्द्रों के जरिए कौशल/उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों (ईएसडीपी) की पेशकश करता है।

एमएसएमई मंत्रालय की स्कीमों के अंतर्गत राज्य-वार निधियों के आवंटन का कोई प्रावधान नहीं है।

(घ) : मंत्रालय ने देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी केन्द्रों की स्थापना की है। ये केन्द्र एमएसएमई के लिए आवश्यकता आधारित कार्यक्रमों और उद्योग की आवश्यकता के अनुसार मौजूदा औद्योगिक श्रमशक्ति को पुन: कौशल प्रदान करने सहित उद्योग में कार्य करने को तैयार श्रमशक्ति तैयार करने हेतु युवाओं को प्रौद्योगिकीय सहायता और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान 18 टूलरूम और तकनीकी संस्थानों (टीआर और टीआई) द्वारा छह लाख से अधिक प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया है। प्रौद्योगिकी केन्द्र प्रणाली कार्यक्रम (टीसीएसपी) के अंतर्गत स्थापित 13 प्रौद्योगिकी केन्द्रों ने प्रशिक्षण कार्यकलाप शुरू कर दिए हैं और उन्होंने अप्रैल, 2023 से लेकर अब तक विभिन्न अल्पावधि और दीर्घावधि उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रमों में 93,000 से अधिक प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया है और 3,000 से अधिक एमएसएमई को सहायता प्रदान की है।

एनएसआईसी देशभर में 8 तकनीकी सेवा केन्द्रों (एनटीएससी) का संचालन कर रहा है तथा प्रत्येक एनटीएससी उद्योग केन्द्रित कौशल विकास और उद्यमिता प्रशिक्षण संबंधी विशेष क्षेत्र में विशिष्टता प्राप्त है। ये एनटीएससी मेकेनिकल वर्कशॉप, सूचना प्रौद्योगिकी, कैड/कैम और सीएनसी, मल्टीमीडिया व एनीमेशन, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा उद्यमिता विकास जैसे क्षेत्रों में मांग आधारित, उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम की पाठ्यचर्या इस प्रकार से तैयार की जाती है जिससे प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण के जरिए अधिकतम हैंड्सऑन एक्सपोजर प्राप्त् हो सके।

(ङ) : एमएसएमई को बढ़ावा देने हेतु निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं ताकि ये कार्यक्रम रोजगार सृजन, उद्यमिता और एमएसएमई के लिए वर्धित प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित कर सकें:-

- प्रारम्भिक चरण में उद्यमितायुक्त सोच और क्षमता का निर्माण करने के लिए तकनीकी और व्यावसायिक कौशल प्रदान करना।

- प्रतिभागियों के विचारों को कार्य में परिणत करने, व्यावहारिक और अभिवृत्ति तत्परता का विकास करने और व्यक्तिगत उद्यमिता कौशल का सुदृढ़ीकरण करने के लिए प्रतिभागियों को सशक्त बनाने हेतु आधारभूत उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान करना।

- नए उद्यम के सृजन और मौजूदा एमएसएमई के विकास में सहायता प्रदान करने के लिए तकनीकी और वैकल्पिक कौशल का उन्नयन करना।

- औपचारिकीकरण तथा वित्तीय सम्बद्धता तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कार्यान्वयन एजेंसियों के जरिए उद्यम रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाना।

****

**अनुबंध-I**

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3026, जिसका उत्तर दिनांक 18.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

पिछले तीन वर्षों में ईएसडीपी स्कीम के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों और लाभार्थियों का तमिलनाडु सहित राज्य-वार ब्यौरा

| क्र.सं. | राज्य का नाम | वित्त वर्ष 2022-23 | | वित्त वर्ष 2023-24 | | वित्त वर्ष 2024-25 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कार्यक्रम | लाभार्थी | कार्यक्रम | लाभार्थी | कार्यक्रम | लाभार्थी |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 59 | 2856 | 56 | 2502 | 5 | 191 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 26 | 1424 | 113 | 5760 | 201 | 10093 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 27 | 1087 | 97 | 4236 | 135 | 6401 |
| 4 | असम | 379 | 15350 | 426 | 19339 | 885 | 43038 |
| 5 | बिहार | 132 | 6079 | 232 | 12265 | 288 | 13454 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 118 | 8 | 276 | 4 | 239 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 105 | 5266 | 133 | 5759 | 164 | 8080 |
| 8 | दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 8 | 608 | 12 | 467 | 23 | 1290 |
| 9 | दिल्ली | 23 | 1385 | 84 | 4170 | 112 | 4744 |
| 10 | गोवा | 7 | 279 | 36 | 1510 | 32 | 1424 |
| 11 | गुजरात | 196 | 9651 | 343 | 14939 | 642 | 29573 |
| 12 | हरियाणा | 65 | 3213 | 143 | 7688 | 207 | 10599 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 31 | 1790 | 112 | 5923 | 121 | 5998 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 101 | 3863 | 714 | 35280 | 752 | 33652 |
| 15 | झारखंड | 110 | 6156 | 141 | 8380 | 159 | 7447 |
| 16 | कर्नाटक | 141 | 6117 | 244 | 14301 | 380 | 18280 |
| 17 | केरल | 145 | 7150 | 150 | 8873 | 186 | 10197 |
| 18 | लद्दाख | 1 | 50 | 2 | 94 | 28 | 1573 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 11 | 498 | 6 | 233 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 959 | 44248 | 975 | 42055 | 1850 | 77987 |
| 21 | महाराष्ट्र | 379 | 15468 | 386 | 16669 | 1334 | 56070 |
| 22 | मणिपुर | 35 | 1281 | 41 | 1722 | 125 | 4773 |
| 23 | मेघालय | 20 | 1209 | 57 | 2374 | 152 | 6101 |
| 24 | मिजोरम | 7 | 210 | 30 | 1122 | 54 | 2370 |
| 25 | नागालैंड | 206 | 6810 | 556 | 16561 | 373 | 12862 |
| 26 | ओडिशा | 196 | 8616 | 222 | 10348 | 756 | 38229 |
| 27 | पुडुचेरी | 5 | 147 | 19 | 737 | 184 | 8569 |
| 28 | पंजाब | 126 | 7269 | 194 | 10368 | 435 | 21251 |
| 29 | राजस्थान | 148 | 8820 | 276 | 12807 | 768 | 34206 |
| 30 | सिक्किम | 16 | 903 | 39 | 2004 | 70 | 3204 |
| 31 | तमिलनाडु | **235** | **9433** | **319** | **16445** | **363** | **17929** |
| 32 | तेलंगाना | 103 | 4606 | 275 | 11548 | 316 | 12717 |
| 33 | त्रिपुरा | 11 | 331 | 80 | 4072 | 160 | 6864 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 413 | 23137 | 483 | 25918 | 826 | 40120 |
| 35 | उत्तराखंड | 135 | 5511 | 214 | 7835 | 296 | 12206 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 181 | 8251 | 274 | 12197 | 179 | 7867 |
| | कुल | **4732** | **218692** | **7497** | **347042** | **12571** | **569831** |

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3026, जिसका उत्तर दिनांक 18.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

पिछले तीन वर्षों के दौरान केवीआईसी के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण का राज्य-वार ब्यौरा

| क्र.सं. | राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र | 2022-23 | | | 2023-24 | | | 2024-25 (पी) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एसडीपी | ईएपी | कुल | एसडीपी | ईएपी | कुल | एसडीपी | ईएपी | कुल |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 370 | | 370 | 1067 | 0 | 1067 | 886 | | 886 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | | | | 180 | | 180 | 142 | | 142 |
| 3 | असम | 652 | 1233 | 1885 | 1049 | 2530 | 3579 | 1587 | 1924 | 3511 |
| 4 | बिहार | 1718 | 1505 | 3223 | 2218 | 1580 | 3798 | 3954 | 1513 | 5467 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 235 | 0 | 235 | 1490 | 0 | 1490 | 819 | 0 | 819 |
| 6 | दिल्ली | 1041 | 2372 | 3413 | 1153 | 2398 | 3551 | 1083 | 790 | 1873 |
| 7 | गोवा | 10 | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | - | - | 0 |
| 8 | गुजरात | - | - | - | 270 | 0 | 270 | - | - | 0 |
| 9 | हरियाणा | - | - | - | 106 | 0 | 106 | 191 | | 191 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 875 | 876 | 1751 | 1783 | 1323 | 3106 | 1806 | 1513 | 3319 |
| 11 | झारखंड | 300 | 376 | 676 | 855 | 1012 | 1867 | 863 | 1024 | 1887 |
| 12 | कर्नाटक | 1737 | 3331 | 5068 | 3567 | 4825 | 8392 | 3280 | 3866 | 7146 |
| 13 | केरल | 2325 | 3640 | 5965 | 2990 | 2994 | 5984 | 3649 | 4036 | 7685 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 1773 | 1375 | 3148 | 2148 | 1646 | 3794 | 1657 | 3300 | 4957 |
| 15 | महाराष्ट्र | 6113 | 10052 | 16165 | 7139 | 10485 | 17624 | 7675 | 8556 | 16231 |
| 16 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 240 | 0 | 240 | 300 | - | 300 |
| 17 | मेघालय | - | - | - | 200 | 0 | 200 | 197 | - | 197 |
| 18 | मिजोरम | 549 | 1019 | 1568 | 591 | 1009 | 1600 | 660 | 1020 | 1680 |
| 19 | नागालैंड | 153 | 518 | 671 | 347 | 428 | 775 | 422 | 667 | 1089 |
| 20 | ओडिशा | 445 | 653 | 1098 | 1437 | 1923 | 3360 | 2576 | 2324 | 4900 |
| 21 | पंजाब | | | | 220 | 0 | 220 | 340 | | 340 |
| 22 | राजस्थान | 379 | 1155 | 1534 | 753 | 969 | 1722 | 823 | 1840 | 2663 |
| **23** | तमिलनाडु | **3547** | **3363** | **6910** | **3498** | **3722** | **7220** | **3656** | **3442** | **7098** |
| 24 | तेलंगाना | 2230 | 897 | 3127 | 2887 | 422 | 3309 | 1353 | 903 | 2256 |
| 25 | त्रिपुरा | | | | 130 | 0 | 130 | 103 | | 103 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 2401 | 3887 | 6288 | 3179 | 6010 | 9189 | 4369 | 6186 | 10555 |
| 27 | उत्तराखंड | 1556 | 3202 | 4758 | 1748 | 1807 | 3555 | 1778 | 1988 | 3766 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 767 | 2325 | 3092 | 1526 | 2308 | 3834 | 2512 | 2166 | 4678 |
| | कुल | **29176** | **41779** | **70955** | **42771** | **47391** | **90162** | **46681** | **47058** | **93739** |